**STAR PUBLIC SCHOOL**

Dear Parents,

Today's assignment ( class 3rd)

👉 **Hindi Grammar - chapter - 2 in notebook**

👉 **Nouns activity ( In ground )**


Home Assignment -

👉 **Maths - Learn tables 2 to 15**

1:54 pm ✓✓


# 2 वर्ण एवं वर्णमाला (Letters and Alphabet)

नीचे दिए गए चित्रों के नीचे लिखे शब्दों को पढ़िए–



गाजर

ग् + आ + ज् + अ + र् + अ



सितार

स् + इ + त् + आ + र् + अ



सेब

स् + ए + ब् + अ

गाजर, सितार और सेब शब्द कई ध्वनियों से मिलकर बने हैं। इन ध्वनियों को वर्ण या अक्षर कहते हैं।


बच्चो, वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता है।


हिंदी भाषा में जितनी भी ध्वनियाँ हैं, उन्हें लिखने के लिए वर्णों का प्रयोग करते हैं। यही वर्णों की लड़ी वर्णों की माला अर्थात् वर्णमाला कहलाती है।

हिंदी में वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

वर्ण

- स्वर
- व्यंजन






## स्वर

- स्वर बिना किसी की सहायता के बोले जाते हैं।
- स्वरों की संख्या 11 होती है।
- स्वरों की मात्राएँ होती हैं।
- अं और अः को स्वर के साथ लिखा जाता है, परंतु ये न स्वर हैं, न व्यंजन। इन्हें अयोगवाह वर्ण कहा जाता है।
- अं (ं) का प्रयोग किसी वर्ण के ऊपर अनुस्वार (ं) के रूप में होता है, जैसे– अंगूर, संसार।
- अः (ः) किसी भी व्यंजन के बाद लगा हो तो इसका उच्चारण (अह्) होता है। इसे विसर्ग भी कहते हैं, जैसे– प्रातः, अतः।

## व्यंजन

- व्यंजन स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं। इनकी संख्या 33 है।
- व्यंजन को स्वरों की सहायता के बिना बोला नहीं जा सकता। यह दर्शाने के लिए व्यंजन के नीचे एक तिरछी रेखा (्) लगा दी जाती है, जिसे हलंत कहते हैं।

जिस व्यंजन के नीचे (तिरछी रेखा) हलंत नहीं है, तो समझ लेना चाहिए कि इसमें कोई स्वर जुड़ा है। यदि हलंत लगा है तो उसमें कोई स्वर नहीं जुड़ा है।

| | |
|---|---|
| क् + अ = क | क् + ऋ = कृ |
| क् + इ = कि | क् + ए = के |
| क् + ऊ = कू | क् + ओ = को |

"व्यंजनों के साथ स्वरों के जो चिह्न होते हैं, उन्हें मात्रा कहते हैं।"

क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये संयुक्त व्यंजन हैं। ये दो व्यंजनों के मेल से बनते हैं–

| | |
|---|---|
| क्ष = क् + ष = क्षमा | त्र = त् + र = त्रिकोण |
| ज्ञ = ज् + ञ = ज्ञानी | श्र = श् + र = श्रम |

- हिंदी शब्दों के ऊपर हमेशा रेखा लगाई जाती है। इसे शिरोरेखा कहते हैं अर्थात् सिर पर रेखा।

## अब तक हमने सीखा

- भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है।
- वर्ण दो प्रकार के हैं– स्वर और व्यंजन।
- स्वर 11 तथा व्यंजनों की संख्या 33 है।
- स्वरों की मात्राएँ होती हैं।

## अभ्यास

1. सोचिए और बताइए– (मौखिक) [knowledge]

(क) स्वरों की संख्या कितनी है? 11

(ख) व्यंजन किसकी सहायता से बोले जाते हैं? स्वर

(ग) व्यंजनों की संख्या कितनी है? 33

(घ) संयुक्त व्यंजन कौन-कौन से हैं? क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

[Knowledge]

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है, जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते। ध्वनि का लिखित रूप ही वर्ण कहलाता है।

(ख) मात्रा किसे कहते हैं?


व्यंजनों के साथ स्वरों के जो चिह्न होते हैं, उन्हें मात्रा कहते हैं; जैसे–

3. रूबी ने सारे स्वरों को गलत क्रम में लिख दिया है। वह उन्हें सही क्रम में लगाना चाहती है, उसकी मदद कीजिए–

[Application]



4. नीचे दिए गए व्यंजनों को क्रम से पूरा कीजिए– [Evaluation]



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

5. नीचे दिए अधूरे शब्दों को स्वर या व्यंजन जोड़कर पूरा कीजिए– [Application]

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनार | गाला | इमली | गणेश |
| आवाज़ | आकर | रेलगाड़ी | सौदागर |

6. संयुक्त व्यंजन से शब्द बनाइए– [Synthesis]

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज् + ञ | त् + र | श् + र | क् + ष |
| ज्ञ | त्र | श्र | क्ष |
| ज्ञानी | श्रमिक | त्रिशूल | क्षत्रिय |

7. नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं; उन्हें पहचानकर खाली स्थानों पर सही व्यंजन लिखिए– [Application]



क__तर



__ौधा



ि__रन



कुटि__या




क__आ



__छली



खर__ोश



__ंटा

8. व्यंजनों के उच्चारण के लिए स्वर ध्वनियों की आवश्यकता क्यों होती है? सोचकर उत्तर दीजिए। [Critical Thinking]

9. आप 'ड़' और 'ढ़' का उच्चारण कीजिए और बताइए कि क्या इनका उच्चारण करते समय आपकी जीभ का अगला भाग झटके से नीचे जाता है या नहीं? [Experiential Learning]

**आइए कुछ करें**

स्वर और व्यंजन की सहायता से नए-नए शब्द बनाइए और कक्षा में बोलिए। [Creativity]